प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

26.01.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे

मुख्य समाचार''

- प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस– शिमला में राज्यस्तरीय समारोह में राज्यपाल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज।
- राष्ट्रपति ने एक सौ 39 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को दी मंजूरी– बिलासपुर के बागवान हरिमन शर्मा पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए जल्द लाई जाएगी नई नीति।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश में दवाओं के सैंपल फेल होने पर जताई चिंता।

गणतंत्र दिवस

देश सहित प्रदेश भर में 76वां गणतंत्र दिवस आज हर्षोल्लास से मनाया गया। राज्यस्तरीय समारोह शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी ली। समारोह में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। पेश है

*गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेशभर में आज देशभक्ति का माहौल बना रहा। राज्यस्तरीय समारोह जहां शिमला में आयोजित किया गया वहीं अन्य सभी ज़िलों में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। शिमला के रिज मैदान पर आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में 19 विभागों की झांकियां आकर्षण का मुख्य केन्द्र रहीं। इन झांकियों में प्रदेश की संस्कृति व प्रगति की झलक दिखाई गई। समारोह में हिमाचल सहित देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दलों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। प्रदेशभर में आयोजित समारोहों में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया गया।*

प्रादेशिक समाचार के लिए समाचार कक्ष से मैं सुरेश शर्मा।

ज़िला समारोह

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना में गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य में पेयजल व सिंचाई योजनाओं पर साढ़े चार हज़ार करोड़

रूपए की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य पथ परिवहन निगम के बेड़े में जल्द ही 7 सौ नई बसें शामिल की जाएंगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कुल्लू में समारोह की अध्यक्षता की और राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने चम्बा में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मार्चपास्ट की सलामी ली। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के शहीदों को नमन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मण्डी में गणतंत्र दिवस का ज़िलास्तरीय समारोह ऐतिहासिक सेरी मंच पर आयोजित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने समारोह में अध्यक्षता की और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का उल्लेख किया। इस मौके पर देशभक्ति पर आधारित कई रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर ज़िला मुख्यालय रिकांगपिओ में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि देश के वीर सपूतों के बलिदान से ही भारत दुनिया भर में एक बड़ा लोकतंत्र गणराज्य बना है।

कांगड़ा ज़िला मुख्यालय धर्मशाला में भी गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में आयुष व खेल मंत्री यादविन्द्र गोमा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने नाहन में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सिरमौर ज़िले में करीब डेढ़ हज़ार औद्योगिक इकाईयां स्थापित हैं जिनमें 4 हज़ार 4 सौ करोड़ रूपए का निवेश हुआ है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने हमीरपुर में आयोजित समारोह में कहा कि शिक्षा विभाग में करीब 15 हज़ार पद भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों से प्रदेश की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने सोलन में आयोजित समारोह में कहा कि युवाओं के कौशल को निखार कर उन्हें बेहतर रोज़गार प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने बिलासपुर जबकि विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने केलंग में गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता की।

## कांग्रेस मुख्यालय

गणतंत्र दिवस के मौके पर शिमला स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर निगम शिमला के महापौर सुरेन्द्र चौहान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों के बलिदान को याद किया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्रीय एकता व अखण्डता को कायम रखने का आह्वान भी किया।

## ऐट होम

गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला स्थित राजभवन में ऐट होम का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वर्ष 2025 के लिए एक सौ 39 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को मंजूरी दी है। प्रदेश के बिलासपुर जिले के बागवान हरिमन शर्मा को सेब की लो चिलिंग किस्म विकसित करने के चलते पदमश्री पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने 8 साल के शोध के बाद सेब की ये किस्म तैयार की है। सूची में सात पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। भारतीय लेखक एमटी वासुदेवन नायर, सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के पूर्व अध्यक्ष ओसामु सुजुकी और गायिका शारदा सिन्हा को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है। गायक पंकज उधास को मरणोपरांत पद्म भूषण दिया गया है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए जल्द ही नई नीति लाएगी। वे आज शिमला में 38वें राष्ट्रीय खेलों में भाग लेने जा रहे प्रदेश के 2 सौ खिलाड़ियों के एक दल को संबोधित कर रहे थे। ये खेल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखण्ड में आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार ने खेलों और खिलाड़ियों की सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की पहल की है। इसके तहत ज़िला स्तर पर बुनियादी खेल ढांचे का विकास किया जा रहा है।

जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश में दवाईयों के सैंपल फेल होने को गंभीर चिंता का विषय बताया है। शिमला में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति ठीक नहीं है और राज्य सरकार ने हिम केयर योजना को भी अपाहिज बना दिया है। जयराम ठाकुर ने पूर्ण राज्यत्व दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री के दिए भाषण पर भी निशाना साधा और इस भाषण को राजनीतिक हिस्सा करार दिया। उन्होंने कहा कि इस भाषण के दौरान अधिकतर समय तक मुख्यमंत्री भाजपा व केन्द्र सरकार के खिलाफ बयानबाज़ी करते रहे जो उचित नहीं है। ?

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री से कानून व्यवस्था को गंभीरता से लेने और प्रदेश की कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटने की सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध के मामलों में वृद्धि दर्ज की गई है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के तहत चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट के 3 दिवसीय भ्रमण दल को आज मण्डी से हरी झण्डी दिखाई। इस दल में बाल संरक्षण संस्थान सुंदरनगर, डैहर, तल्याहड़ और भरनाल के 28 बच्चे शामिल हैं।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में हर्षोल्लास से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस– शिमला में राज्यस्तरीय समारोह में राज्यपाल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज।
- राष्ट्रपति ने एक सौ 39 पद्म पुरस्कार प्रदान करने को दी मंजूरी– बिलासपुर के बागवान हरिमन शर्मा पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित।
- मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा– राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के लिए जल्द लाई जाएगी नई नीति।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने प्रदेश में दवाओं के सैंपल फेल होने पर जताई चिंता।